# सरकार की नीतियां निर्यात 10 गुना बढ़ाएंगी : नंदी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ठोस निर्यात नीति से यूपी में निर्यात 10 गुना तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों के अमल में अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों तय की जा रही है।

सीआईआई की शुक्रवार को हुई बैठक में उद्यमियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निर्यात को प्राथमिकता दी जाए। वहीं जो अधिकारी उद्यमियों से किए



औद्योगिक विकास मंत्री ने सीआईआई की बैठक को किया संबोधित

गए वादे को समय से पूरा करने में असफल रहे उनका वेतन काटा जाए या फिर अन्य कार्रवाई की जाए। मंत्री नन्दी ने विभिन्न राज्यों से आए उद्यमियों से संवाद किया। उद्यमियों से वार्ता कर देश का ग्रोथ इंजन बन चुके उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।